**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 02 अक्तूबर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:-**

- मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से राष्ट्र को ज्ञान महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया।

- आज हरियाणा और चण्डीगढ़ सहित देशभर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सूरजकुण्ड में दीवाली मेले का शुभारंभ किया। - लोगों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आहवान किया।

- गुरुग्राम के मानेसर स्थित अरावली क्षेत्र में राज्यस्तरीय वन्यजीव सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया।

- आज हरियाणा व चंडीगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

**********************************************************************
*

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बना रही है और राष्ट्र को ज्ञान महाशक्ति बनने में मदद कर रही है।

*पिछले ग्यारह वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल, रोज़गार और सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करके युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है। इस अवधि के दौरान, भारत ने स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक अपनी शिक्षा प्रणाली को मज़बूत बनाने में तेज़ी से प्रगति की है। निपुण भारत मिशन, पीएम श्री योजना, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा और राष्ट्रीय ऋण रूपरेखा जैसी पहल शिक्षा के लचीलेपन, बहुविषयकता और अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देती हैं। आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थानों में बड़े सुधार और विस्तार सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रदान करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जुलाई 2020 में, सरकार ने स्कूली शिक्षा और तकनीकी शिक्षा सहित उच्च शिक्षा में विभिन्न सुधार लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रस्तुत की। इस वर्ष 29 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित युगम सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश की शिक्षा प्रणाली का आधुनिकीकरण कर रही है।*

*सरकार के प्रयासों से, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों सहित उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या 2014-15 के 51 हज़ार से बढ़कर इस वर्ष 70 हज़ार से अधिक हो गई है। चिकित्सा शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है। 2014 से, एम्स संस्थानों की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो गई है, जबकि मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर दो हज़ार से ज़्यादा हो गई है, जिनमें लगभग दो लाख मेडिकल सीटें हैं। इन प्रयासों से, भारत अपनी युवा आबादी को एक मज़बूत और विकसित राष्ट्र की प्रेरक शक्ति में बदल रहा है। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़*

**********************************************************************
*

आज हरियाणा एवं चंडीगढ़ सहित देश भर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजधानी दिल्ली में राजघा▯ पर बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को याद करते हुए कहा –

*****************************************************************
*

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में जीएस▯ी बचत उत्सव के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छू▯ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शाह ने देशवासियों से खादी के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के अभियान को प्रोत्साहित करने की अपील की।

*****************************************************************
*

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री आज फरीदाबाद के सूरजकुंड में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी थीम पर आधारित दिवाली मेले का शुभारंभ करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। 7 अक▯ूबर तक चलने वाले इस मेले में करीब 450 स्थलों पर स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए है।

मुख्यमंत्री ने कहा –

उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पाद खरीदने से शिल्पकारों का मनोबल बढ़ता है। इससे उनको न केवल प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के संकल्प को जन आंदोलन बनाने के लिए देश भर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जोकि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अ▯ल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। श्री नायब

सिंह सैनी ने विजय दशमी की बधाई दी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए।

*******************************************************************
*

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं और बिना पर्यावरण संरक्षण के संतुलित विकास संभव नहीं। वह आज फरीदाबाद के सेक्टर-9 की ग्रीन बेल्ट में सेवा पखवाड़े के तहत नमो वन के लिए आयोजित महा पौधारोपण अभियान में पौधारोपण कर प्रदेशवासियों को हरियाली और स्वच्छता का संदेश दे रहे थे।

*******************************************************************
*

गुरुग्राम के मानेसर स्थित अरावली क्षेत्र में राम मंदिर परिसर में आज 'राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने की। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुग्रामवासियों से आहवान किया कि वे हर रविवार सुबह कम से कम 1 घंटे के समय का योगदान अरावली के ग्रीन अरावली अभियान में दें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, मोहल्लें और स्कूल के आस-पास के खाली स्थानों में पौधे लगाएँ और उनकी देखभाल करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों, विद्यार्थियों, ग्रामीणों और प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तावित 'नमो वन' में 750 पौधे रोपित किए गए। इसके साथ ही 500 एकड़ क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ भी किया गया।

*******************************************************************
*

हरियाणा और चंडीगढ़ में आज दशहरे का त्योहार बड़ी धूमधाम और श्रद्धा से मनाया जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बुराई पर अच्छाई

की जीत के प्रतीक रावण के पुतलों के दहन की खबर दी है। रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों के दहन से पहले प्रत्येक नगर में शोभा यात्राएं भी निकाली गई।

*********************************************************************

*

पंचकूला स्थित आयुष निदेशालय में सेवा पखवाड़े के तहत चल रहा स्वछता और नारी सशक्तिकरण अभियान आज संपन्न हो गया। हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने आयुष के प्रांगण मे झाड़ू लगाया और लोगो को शहर स्वच्छ रखने का सन्देश दिया ।

*********************************************************************

*

फरीदाबाद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत चलाए गए "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान" का समापन हो गया। अभियान के अंतिम दिन ईएसआई मेडिकल कॉलेज में जिला स्तरीय महा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़खल विधानसभा क्षेत्र से विधायक धनेश अदलखा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उप सिविल सर्जन डॉ राकेश श्योकंद ने बताया-

*********************************************************************

*